मुख्यमंत्री ने गोमतीनगर विस्तार में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रतिफल है हेल्थ सिटी विस्तार अस्पताल: योगी

संबोधन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू अब धरातल पर आने लगे हैं। गोमतीनगर विस्तार में सेक्टर-4 वसंत खंड स्थित हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को इस 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का बटन दबाकर लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल के निर्माण के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप कपूर और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कहा कि यह गोमती नगर विस्तार के लोगों के लिए उपहार है। वर्ष 2022 में इन्वेस्टर समिट के दौरान ही हॉस्पिटल को लेकर एमओयू हुआ था और 200 करोड़ रुपये की लागत से रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण कर जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। इन्वेस्टर्स समिट के तहत हेल्थ केयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में नियत समय सीमा में पूर्ण होने वाला यह पहला प्राइवेट प्रोजेक्ट है।

पहले प्रदेश से बाहर चले जाते थे

अस्पताल के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री को श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट की गई।

सेवा ही नहीं, आजीविका का माध्यम भी है अस्पताल

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अस्पताल सेवा के साथ ही आजीविका का माध्यम भी है। पिछले 10 वर्ष के अंदर देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत परिवर्तन हुआ। स्वास्थ्य सेवा फ्री होनी चाहिए और इसी प्रेरणा से हमने 5 करोड़ 11 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड के जरिए लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना से भी हमने लोगों को जोड़ा है। मुख्यमंत्री राहत कोष से हमने एक लाख 88 हजार लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई है। विवेकानंद पॉलीक्लीनिक से शुरू हुई यह यात्रा 300 बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में साकार हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा आग्रह है कि इस अस्पताल में आयुष्मान भारत के लिए भी प्रावधान रखा जाए। क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ल, महापौर सुषमा खर्कवाल, हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ संदीप गर्ग, डॉ केबी जैन व डॉ. राजेश अरोड़ा आदि रहे।

उद्योग: मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर एक नकारात्मक स्थिति थी। नए निवेश आना तो दूर, जो निवेश यहां पहले से थे, वह भी वाइंडअप करना चाहते थे। उत्तर प्रदेश में अपराध का बोलबाला था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। ऐसे में हमने जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जिसे आज पूरा देश मॉडल के रूप में स्वीकार करता है।

03 सौ बेड का अस्पताल स्वास्थ्य सेवा संग रोजगार भी देगा

03 एकड़ में बने हेल्थ सिटी विस्तार हॉस्पिटल में 8 ओटी

10 साल पहले अस्पताल निर्माण का विचार आया

हॉस्पिटल के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. संदीप कपूर ने बताया कि 10 वर्ष पहले अस्पताल के निर्माण का विचार आया था और 2016 में हेल्थसिटी अस्पताल ने जन्म लिया। 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यभार संभाला और प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के सपने साकार करने के लिए इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन समेत गुड गवर्नेस और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रमोट किया। हम भी इस प्रक्रिया में शामिल हुए और 3 एकड़ क्षेत्र में 2 लाख स्क्वेयर मीटर बिल्ड अप एरिया वाला यह 300 शैय्या, 40 ओपीडी, 60 क्रिटिकल केयर बेड, 8 ऑपरेशन थिएटर, 75 से ज्यादा सीनियर डॉक्टर (जिनमें कई 30 साल के अनुभवी ट्रेंड सर्जन भी शामिल हैं) वाला हॉस्पिटल अस्तित्व में आया।